देवप्रयाग में नृसिंहाचल पर्वत से बोल्डर गिरने से तीन घर ध्वस्त

बाह बाजार में हड़कंप, कई वाहन क्षतिग्रस्त

देवप्रयाग, संवाददाता। देवप्रयाग नगर के नृसिंहाचल पर्वत की तलहटी में बसे बाह बाजार में सोमवार दोपहर में भूस्खलन से हड़कंप मच गया। पहाड़ी से बड़े बोल्डर गिरने से तीन मकान ध्वस्त हो गए। जबकि इसमें एक व्यक्ति घायल हुआ है। गनीमत रही कि हादसे के समय अधिकांश लोग घरों से बाहर थे। इससे बड़ा नुकसान टल गया।

सोमवार दोपहर में नृसिंहाचल पर्वत का एक हिस्सा अचानक दरक गया। जिसमें बड़े बोल्डर तेजी से नीचे लुढ़कते हुए बाह बाजार में आ गिरे। इन बोल्डरों की चपेट में विपिन चंद्र मिश्रा, भगवती प्रसाद मिश्रा और पनीलाल के मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए। हादसे के समय पनीलाल अपने घर के अंदर मौजूद थे बोल्डरों के गिरने से उनका मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वह घायल हो गए।

सूचना मिलते ही देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और घायल पनीलाल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। विधायक ने प्रभावितों राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। हादसे में बोल्डर से दो बाइक, एक पिकअप वाहन भी इनके नीचे दब गए। कई बिजली के खंभे टूटने से विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई है। इस घटना से स्थानीय निवासियों ने चिंता बढ़ा दी है। यहां भूस्खलन के खतरे को लेकर गंभीर सवाल खड़े किये हैं। लोगों ने सरकार से इसका ट्रीटमेंट करने की मांग की है।

बणसोली में मकान के ऊपर गिरा पेड़

कर्णप्रयाग। लंगासू के बणसोली गांव में सोमवार को एक मकान में आम का सूखा पेड़ गिर गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। पेड़ गिरने से मकान को नुकसान हुआ है। लंगासू के पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष कैलाश खंडूड़ी ने बताया कि गांव बणसोली में सोमवार तड़के करीब साढ़े चार बजे सुशील खंडूड़ी के मकान पर आम का बड़ा पेड़ गिर गया। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित को मुआवजा देने की मांग की है।

देवप्रयाग में सोमवार को पर्वत से बोल्डर गिरने से क्षतिग्रस्त घर और बाइक।

सीएम की सुरक्षा में चूक पर तीन और कर्मचारी निलंबित

- छह जुलाई को कार्बेट भ्रमण पर आए सीएम को अनफिट जिप्सी में घुमाने का मामला

रामनगर, संवाददाता। कार्बेट नेशनल पार्क में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सुरक्षा में चूक के मामले में तीन और कर्मचारियों पर गाज गिरी है। मामले में तीन स्टोर कीपर को निलंबित किया गया है। जिप्सी चालक को पहले ही निलंबित किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री धामी ने बीती छह जुलाई को कार्बेट पार्क के ढेला और झिरना जोन में जंगल सफारी की थी। बाद में सामने आया कि सीएम को अनफिट जिप्सी से जंगल सफारी कराई गई थी। जिस विभागीय जिप्सी से सीएम को सफारी कराई गई थी, उसकी पांच साल से फिटनेस तक नहीं हुई थी। यह मामला उजागर होने के बाद हड़कंप मच गया। मामले ने तूल पकड़ा तो कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने तत्काल जिप्सी चालक उमर को निलंबित कर दिया। वहीं स्टोर कीपर इरशाद, पंकज मैंदोलिया, गजेंद्र सिंह मेहरा पर कार्रवाई करने के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी गई थी। डॉ. बडोला ने बताया कि पीसीसीएफ (हॉफ) ने स्टोर कीपर गजेंद्र सिंह मेहरा, इरशाद, पंकज मेंदोलिया को निलंबित कर अन्य वन प्रभागों में संबद्ध कर दिया है।

एशियन नेटबॉल में कविता ने जीता रजत पदक

- दुबई में खेल मंत्री रेखा आर्या से की मुलाकात
- पिथौरागढ़ के वलथी गांव की रहने वाली है कविता

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। पिथौरागढ़ निवासी कविता ने एशियन यूथ नेटबॉल चैंपियनशिप में भारत टीम प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक जीता है। उनकी सफलता पर खेल मंत्री रेखा आर्या समेत प्रदेशवासियों ने हर्ष जताया।

नेटबॉल फेडरेशन के सचिव सुरेंद्र कुमाईं ने बताया कि कविता ने चार से आठ जून तक हांगकांग के वाडहिनिया में अंडर-21 एशियन यूथ नेटबॉल चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया। कोरिया के जिओनजु में संपन्न हुई यूथ नेटबॉल चैंपियनशिप में भी उन्होंने भारतीय टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कविता पिथौरागढ़ के मुनस्यारी क्षेत्र के दूरस्थ वलथी की रहने वाली हैं। उन्होंने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद हार नहीं मानी और देश के लिए पदक जीता। सोमवार को कविता ने दून में खेल मंत्री रेखा आर्या से उनके आवास पर भेंट की। इस दौरान नेटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने बताया, नेटबॉल डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष हरिओम कौशिक ने नेटबॉल के विकास को महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर प्रियंका बनीं कोच

काशीपुर। अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर प्रियंका चौधरी अब नई पारी की शुरुआत करने जा रही हैं। अब वह कोच की भूमिका में नजर आएंगी। प्रियंका 12 से 31 जुलाई तक पुणे में आयोजित अंडर-22 बालक एवं बालिका नेशनल बॉक्सिंग कैंप में बॉक्सरों को प्रशिक्षण देंगी। कैंप में चयनित खिलाड़ी थाईलैंड में होने वाली एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

काशीपुर के मोहल्ला आर्यनगर निवासी प्रियंका चौधरी वर्ष 2005 से 2019 तक खिलाड़ी के तौर पर इंडिया कैंप में रही हैं। वर्ष 2010, 2015 और 2017 में एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया।

उत्तराखंड 30s

केदारनाथ पैदल मार्ग के रामबाड़ा में सोमवार को बने पुल का शुभारंभ हो गया। पुल बनने से तीर्थयात्रियों को राहत मिल गई है।

रामबाड़ा में पुल से आवाजाही शुरू

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा के अहम स्थान रामबाड़ा में डीडीएमए लोनिवि ने 48 मीटर के स्पान सेतु का निर्माण पूरा करा दिया। मंदाकिनी नदी पर बना यह पुल आवाजाही को खोल दिया गया है। मालूम हो कि रामबाड़ा में वर्ष 2013 की आपदा में यहां बना पुल भी ध्वस्त हो गया था। इसके बाद यहां कई अस्थायी पुल बनाए गए, किंतु नदी के कटाव के चलते वो पुल सुरक्षित नहीं रहे। इसके चलते अब यह स्थाई पुल का निर्माण कराया गया है।

गोपेश्वर में नंदानगर के लोगों का प्रदर्शन

गोपेश्वर। चमोली के नंदानगर क्षेत्र के बांजबगड़ गांव निवासी मनोज सिंह बिष्ट की संदिग्ध हालात में मौत के मामले ने लूप पकड़ लिया है। सोमवार को नंदानगर क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय गोपेश्वर पहुंचकर प्रदर्शन किया। लोग मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रहे थे। मालूम हो कि मनोज हेमकुंड यात्रा मार्ग पर घोड़ा संचालन का कार्य करता था। 30 जून की सुबह वह लापता हो गया था। 13 जुलाई को उसका शव घांघरिया के जंगलों में पेड़ पर लटका मिला था।

कैलास यात्रा का दूसरा दल चीन क्षेत्र में पहुंचा

पिथौरागढ़। कैलास मानसरोवर यात्रा के दूसरे दल ने भी चीन क्षेत्र में प्रवेश कर लिया है। सोमवार को यह यात्री दल नाभीढांग से वाहन से लिपूलेख के समीप पहुंचा। बाद में कुछ पैदल चलने के बाद यात्री चीन सीमा को पार कर तकलाकोट मंडी की ओर रवाना हुए। इधर पहला दल चीन क्षेत्र के डेराफुक से अपनी यात्रा के अगले पड़ाव पर निकल चुका है। नाभीढांग से मानसरोवर यात्रियों का 48 सदस्यीय दल सुबह लिपूलेख के लिए निकला।

दुष्कर्म के आरोप में ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार

रुड़की। दिल्ली निवासी महिला से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी ई-रिक्शा चालक को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ई-रिक्शा चालक को ढंढेरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने कुछ अन्य लोगों के नाम भी बताए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। मालूम हो कि 10 जुलाई को दिल्ली निवासी एक महिला हरिद्वार घूमने आई थी। यहां एक ई-रिक्शा चालक ने उससे दुष्कर्म किया और फिर रेलवे स्टेशन पास छोड़ फरार हो गया।

जंगली मशरूम से नानी-नातिन की मौत

मुनस्यारी। पिथौरागढ़ के धापा गांव में 11 जुलाई की रात जंगली मशरूम खाने से बीमार नानी व नातिन की मौत हो गई।

धापा गांव में जंगली मशरूम खाने से निवासी 70 वर्षीय कुंती देवी व उनकी 28 साल की नातिन दीया पुत्री घनश्याम की तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद दोनों को हल्द्वानी एसटीएच ले जाया जा रहा था। रविवार रात नातिन ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं कुंती देवी की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। राज्य में दो दिन में जंगली मशरूम खाने से तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

गौचर में दो किशोरों की डूबने से मौत

दुखद

गौचर (चमोली), संवाददाता। गौचर क्षेत्र में सोमवार को गंदेरे में नहाने के दौरान पांच किशोर बह गए। इनमें से तीन को बचा लिया गया जबकि दो की डूबने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के पांच किशोर शाम करीब छह बजे पास ही स्थित गंदेरे में नहाने गए थे। यहां नहाने के दौरान ये सभी, पानी के तेज बहाव में बहने लगे। इसकी सूचना गौचर पुलिस को दी गई। पुलिस, डीडीआरएफ की टीम को लेकर मौके पर पहुंची। बचाव दल के प्रयासों से तीन किशोरों को बचा लिया गया। इसके अलावा 17 वर्षीय गौरव गुसाईं पुत्र गंभीर गुसाईं मूल निवासी नारायणबगड़ और 16 वर्षीय दिव्यांशु बिष्ट पुत्र रविन्द्र बिष्ट निवासी श्रीकोट, गौचर डूब गए। डीडीआरएफ ने उन्हें निकालकर स्वास्थ्य केंद्र गौचर पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस बीच घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए।

झूला पुल से युवक ने पिंडर नदी में लगाई छलांग

थराली। कुलसारी के सुनाऊ झूला पुल से एक युवक ने सोमवार को पिंडर नदी में छलांग लगा दी। थाना प्रभारी थराली पंकज कुमार ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब दो बजे 27 वर्षीय प्रेम सिंह खत्री पुत्र स्वर्गीय जसपाल सिंह खत्री निवासी ग्राम देवलग्वाड़ ने सुनाऊ झूला पुल से पिंडर नदी में छलांग लगा दी। पुलिस ने प्रेम की तलाश में सर्च अभियान चलाया पर देर शाम तक उसका कुछ पता नहीं चला।

ई-रिक्शा चालक का शव मिला, हत्या की आशंका

पथरी (हरिद्वार), संवाददाता। किशनपुर में आम के बगीचे में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृतक के गले पर निशान भी मिले हैं। माना जा रहा है कि गला दबाकर उसकी हत्या की गई।

पुलिस के मुताबिक, सोमवार को सूचना मिली कि किशनपुर स्थित आम के एक बगीचे में ई-रिक्शा में एक व्यक्ति बेसुध पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो वह मृत मिला। उसकी पहचान 45 वर्षीय प्रदीप पुत्र ओमप्रकाश निवासी अंबूवाला, पथरी के रूप में हुई। बताया गया कि वह ई-रिक्शा चलाता था। पुलिस को शव के पास सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं, मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस भी शुरुआती जांच में हत्या मान रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसओ पथरी मनोज नौटियाल ने बताया बगीचे में मिले व्यक्ति के शव की पहचान हो गई है। मामले की जांच की जा रही है।

नशा तस्करों पर नकेल कसने मद्रासी कॉलोनी पहुंचे एसएसपी

देहरादून, संवाददाता। नशा तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई को पुलिस ने सोमवार को मद्रासी कॉलोनी व ब्रह्मपुरी बस्ती में अभियान चलाया। एसएसपी अजय सिंह भी मौके पर मौजूद रहे।

एसएसपी ने बताया कि मलिन बस्तियों और सुनसान इलाकों में नशे के कारोबार की शिकायत मिलती है। सोमवार शाम को कोतवाली क्षेत्र की मद्रासी कॉलोनी और पटेलनगर क्षेत्र की ब्रह्मपुरी में पुलिस पहुंची। एसएसपी ने पुलिस के साथ इन क्षेत्रों में घूमकर नशा तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई को अधीनस्थों को निर्देश दिए। उन्होंने मलिन बस्तियों, खंडहरों व सुनसान स्थानों पर नशा करने वालों और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों की धरपकड़ के लिए नियमित चेकिंग अभियान चलाने के आदेश दिए। साथ ही, नशा तस्करी में लिप्त रहे अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने और उनकी अवैध संपत्ति को चिह्नित कर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

उत्तराखंड निवेश उत्सव को दिव्य बनाएं : जोशी

रुद्रपुर, संवाददाता। कृषि एवं जिला प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को जिला सभागार में उत्तराखंड निवेश उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अफसरों को आयोजन को दिव्य एवं भव्य बनाने के निर्देश दिए। निवेश उत्सव 19 जुलाई को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा।

जोशी ने कहा कि कार्यक्रम में पंडाल, साउंड सिस्टम, बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। वीवीआईपी, वीआईपी और प्रेस प्रतिनिधियों के लिए अलग-अलग बैठने की सुविधाएं एवं गैलरी का निर्माण किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा स्टॉल, पेयजल, मोबाइल शौचालय और साफ-सफाई की व्यवस्था भी पुख्ता रखने के निर्देश दिए ए। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड में औद्योगिक विकास के तहत तीसरे चरण में 1 लाख करोड़ रुपये की ग्राउंडिंग पूरी हो चुकी है, जिसको लेकर यह उत्सव मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक संस्थान, स्वयं सहायता समूह और हाउस ऑफ हिमालया के सुंदर और भव्य स्टॉल लगाए जाएंगे। अधिक से अधिक उद्यमियों को आमंत्रित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। बैठक में रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महामंत्री अमित नारंग, सचिव उद्योग विनय शंकर पांडे, मंडलायुक्त दीपक रावत, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

देहरादून में डेंगू के 4 रोगी मिले

देहरादून। दून में डेंगू के चार नए मरीज मिले हैं। सीएमओ डॉक्टर मनोज शर्मा के मुताबिक श्री महंत इंदेश अस्पताल में दो और ग्राफिक एरा अस्पताल में दो मरीज मिले हैं। अब तक जिले में 186 मरीज मिल चुके हैं। जिनमें से 168 मरीज ठीक हो चुके है। बताया कि डेंगू की रोकथाम को आशाओं और वालंटियर द्वारा सर्वे किया जा रहा है।

उधर दून में सोमवार को कोरोना का भी एक मरीज मिला है। अब तक जिले में 99 मरीज मिले है। सोमवार को दून अस्पताल में एक मरीज में कोरोना की पुष्टि हुई है। सीएमओ के मुताबिक जिले में एक एक्टिव मरीज है। जो होम आइसोलेशन में है।

UTTAR PRADESH MEDICAL SUPPLIES CORPORATION LTD.
(A Government of Uttar Pradesh Undertaking)
Tender Notice
Tender Ref. No: UPMSCL/Drugs-235/10 Dated: 14 July, 2025
e-TENDER FOR SUPPLY OF DIAGNOSTIC KITS
Online tenders are invited from licensed manufacturers for supply of Dual RDT Kit for HIV and Syphilis test Kit to UPMSCL. The details of tender, list of items and Tender Documents are made available on website https://etender.up.nic.in and www.upmsc.in. The last date/time of online submission of the tender documents is 04 August, 2025 upto 15:30 Hrs.
Managing Director
UPMSCL, Lucknow, Uttar Pradesh
Department of Medical Health & Family Welfare, Uttar Pradesh

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867
निविदा विस्तारीकरण
इस कार्यालय के पत्रांक 1051/वि०नि०ख०अ०/दिनॉक 28.06.2025 द्वारा निविदा संख्या 08, 09, 10, 11 एवं 12/25–26, जिनकी निविदा विक्रय की तिथि 08.07.2025 एवं निविदा खोले जाने की तिथि 09.07.2025 थी, को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। अब निविदा पुनः विक्रय की तिथि 11.08.2025 एवं खुलने की तिथि 12.08.2025 को उपरिक्षेत्र निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। अन्य नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगे।
पत्रांक : 1195/वि०नि०ख०अ०/टी–7 दिनांक : 09.07.2025 **अधिशासी अभियंता**
''राष्ट्र हित में बिजली बचायें'' ''टोल-फ्री नं0 -1912''

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES DEOGHAR
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family Welfare)
भारत सरकार/Government of India
Website-www.aiimsdeoghar.edu.in
DEPARTMENT OF COMMUNITY AND FAMILY MEDICINE
INTEGRATED PROGRAM IN PUBLIC HEALTH
(BPH+MPH) ADMISSION-JULY, 2025
INDIA'S FIRST DUAL DEGREE PROGRAM IN PUBLIC HEALTH
Applications are invited from 12th pass eligible candidates to the **Integrated Program in Public Health (BPH+MPH)-5 Year course** at AIIMS Deoghar, Jharkhand, India-814152.
Method of selection through **NEET-UG (2025) merit card** only.
Last date for submission of soft copies of the application form: 10.08.2025
Last date for submission of hard copies of the application form: 16.08.2025
Date of commencement of the course: Will be announced soon
Information brochure and prescribed application form available at website: **www.aiimsdeoghar.edu.in.**
Executive Director
AIIMS Deoghar

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
कार्यालय अधिशासी अभियंता (अ०ख०अ० सरकार का उपक्रम) विद्युत वितरण खण्ड, रुड़की, हरिद्वार – 247667
दूर०सं० (01332) 265424, फैक्स (01332) 265425
पत्रांक: 1303/वि०नि०ख०ग्रा/नि०ड०० दिनांक: 14.07.2025
E-TENDER NOTICE
E-TENDER NO-01/EDDSH 2025-26 for engagement of vehicle for SDO, Electricity Distribution Sub-Division, Sidcul, Haridwar for further detail log into website www.uktenders.gov.in
Executive Engineer
(राष्ट्र हित में बिजली बचायें) टोल फ्री नं0 1800 419 0405
विद्युत चोरी की सूचना हेतु सतर्कता अधिकारी के फैक्स 0135-2760911 एवं मोबाइल +91-8958811999 पर व्हाट्सएपमेसेज द्वारा रिपोर्ट करें।

पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विद्युत भवन, नजीबाबाद–आईएसबीटी, देहरादून, चंडालपुर रोड, मालदेवता, देहरादून–248002
कारपोरेट आई.डी. U40101UR2004GOI028875
ई–निविदा सूचना
पॉवर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिए द्वारा Cyber Security Audit in SLDC Dehradun and Sub-LDC Rishikesh & Kashipur against tender specification No. 03/EE(SCADA) /Dehradun/2025-26. के तहत ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 29/07/2025 17:00 बजे तक विस्तारित की जाती है। निविदा सम्बन्धित अन्य विस्तृत विवरण ई–निविदा वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** (tender id no. 2025_SCADA_84811_1) एवं ई–निविदा सूचना पिटकुल की वेब साईट **www.ptcul.org** से प्राप्त की जा सकती है।
ई–निविदा से सम्बन्धित जानकारी हेतु सम्पर्क करें +91-8899890000
पत्रांक: 134/अधिअभि0(स्काडा)/पिटकुल/ दिनांक : 14/07/2025
अधिशासी अभियन्ता (स्काडा) पिटकुल, देहरादून
''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

Kalyan Singh Super Speciality Cancer Institute
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-(226002)
Website: https://cancerinstitute.edu.in, Email: jdmm.sscih@gmail.com
TENDER NOTICE
On-line offers are invited through GeM Bidding/Bidding from Manufacturer/Direct Importers/Authorized distributors/Dealers/ Accredited Agents for the supply and installation of **Batteries for Electric Engineering Section of the Institute.**
The vendors are required to submit their offers on GeM portal only in two bid system i.e. Technical and Financial Bid as per terms and conditions of bid document.
For detailed information like Name of item, Date of Submission and opening of bid etc. you may please visit the Gem portal. The offer will be accepted On-line only on GeM portal with terms and conditions as mentioned against each bid.
The Director reserves the right to accept or reject any tender in part or full without assigning any reason thereof. In case any legal dispute; the legal jurisdiction shall be court of law at Lucknow (UP), India.
Advt No:- KSSSCI/Tender-08/2025-26 Director

निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उत्तराखण्ड
उद्यान भवन, चौबाटिया–रानीखेत, अल्मोड़ा
दूरभाष:– 05966–220260/ 0135– 2759799
ई–मेल: dirudyanhort@gmail.com
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तराखण्ड के समस्त जनपदों में कृषकों हेतु सेब की अतिसघन बागवानी योजना में अतिसघन सेब बागान की स्थापना के लिए विभाग में पंजीकरण हेतु शामिल होने के लिए Infrastructure development फर्मों के दरों एवं विशिष्टियों के पंजीकरण (Empanelment) हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (EoI) फर्मों/संस्थाओं/कम्पनियों के पंजीकरण (Empanelment) हेतु ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है।
अतः सेब की अतिसघन बागवानी योजना में अतिसघन सेब बागान की स्थापना के लिए विभाग में पंजीकरण हेतु शामिल होन के लिए Infrastructure development फर्मों के दरों एवं विशिष्टियों के पंजीकरण (Empanelment) हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (EoI) की दर निर्धारण हेतु फर्मों/संस्थाओं/कम्पनियों के पंजीकरण (Empanelment) हेतु ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 11.08.2025 को अपराहन 03:00 बजे तक ई–निविदा के माध्यम से बिड आमन्त्रित की जाती है। ई–निविदा हेतु निर्धारित प्रारूप एवं शर्तें www.uktenders.gov.in से डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती हैं।
निदेशक
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण
उत्तराखण्ड

इको एग्स कोऑपरेटिव लिमिटेड
पंजीकरण संख्या: MDCACH0570200A0 सबला नं० 1100, प्रगति विहार, सेंट्रल होप टावर, डेलाबुर्ड, देहरादून।
निर्वाचन सूचना
भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय, के सहकारी चुनाव प्राधिकरण के पत्रांक संख्या CEA-12011/323/2025 के द्वारा मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट 2002 (संशोधन 2023 के अधिनियम संख्या 11 दिनांक 03 अगस्त 2023) के क्रम में **इको एग्स कोऑपरेटिव लिमिटेड** के निर्वाचन, किये जाने है।
भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय, के सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण के पत्रांक संख्या CEA-12011/323/2025 के द्वारा इको एग्स कोऑपरेटिव लिमिटेड में एससीसी/एसटीटी–02, महिला–02 एवं सामान्य–04 कुल 08 संचालक मण्डल का प्रावधान दिया गया है।
अतः उक्त के क्रम में **इको एग्स कोऑपरेटिव लिमिटेड** आरक्षण की वार्डवार विवरण निम्न प्रकार है।

क्र०सं०	वार्ड का नाम	आरक्षण की स्थिति
1	समूह 'क'	एस0सी0/एस0टी0
2	समूह 'ख'	एस0सी0/एस0टी0
3	समूह 'ग'	महिला
4	समूह 'घ'	महिला
5	समूह 'ङ'	सामान्य
6	समूह 'च'	सामान्य
7	समूह 'छ'	सामान्य
8	समूह 'ज'	सामान्य

निर्वाचन अधिकारी
इको एग्स कोऑपरेटिव लिमिटेड

निदेशालय माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, तपोवन रोड़ देहरादून
आदेश संख्या–सेवा–2/ 102/ आ०वि०स०- सेवा स्थाo (30)/ 2025-26 दिनांक 14 जुलाई, 2025
–: विज्ञप्ति :–
निदेशालय माध्यमिक शिक्षा के आदेश संख्या- सेवा-2/1767 आ०वि०स०- सेवा स्था0 (30)/ 2025-26 दिनांक 12 जून, 2025 द्वारा राज्य में संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में प्राचार्य/ उप प्राचार्य/ पी०जी०टी० (प्रवक्ता) एवं टी०जी०टी० (स०अ०, एल०टी०) के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति/ सेवा स्थानान्तरण के माध्यम से भरे जाने हेतु आवेदन पत्र दिनांक 12 जुलाई, 2025 के सांय 5:00 बजे तक आमंत्रित किये गये थे। माह जून 2025 में ग्रीष्मावकाश होने तथा विद्यालय 01 जुलाई, 2025 से खुलने के दृष्टिगत उक्त आवेदन पत्र निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में पंजीकृत डाक द्वारा जमा करने की तिथि 19.07.2025 सायं 5:00 बजे तक विस्तारित की जाती है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
डॉ० (मुकुल कुमार सती)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड।

इको एग्स कोऑपरेटिव लिमिटेड
पंजीकरण संख्या: MDCACH0570200A0 सबला नं० 1100, प्रगति विहार, सेंट्रल होप टावर, डेलाबुर्ड, देहरादून।
निर्वाचन सूचना
भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय, के सहकारी चुनाव प्राधिकरण के पत्रांक संख्या CEA-12011/323/2025 के द्वारा मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट 2002 (संशोधन 2023 के अधिनियम संख्या 11 दिनांक 03 अगस्त 2023) के क्रम में **इको एग्स कोऑपरेटिव लिमिटेड** के निर्वाचन, किये जाने है।
भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय, के सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण के पत्रांक संख्या CEA-12011/323/2025 के द्वारा इको एग्स कोऑपरेटिव लिमिटेड में एससीसी/एसटीटी–02, महिला–02 एवं सामान्य–04 कुल 08 संचालक मण्डल का प्रावधान दिया गया है।
अतः उक्त के क्रम में **इको एग्स कोऑपरेटिव लिमिटेड** आरक्षण की वार्डवार विवरण निम्न प्रकार है।

क्र०सं०	वार्ड का नाम	आरक्षण की स्थिति
1	समूह 'क'	एस0सी0/एस0टी0
2	समूह 'ख'	एस0सी0/एस0टी0
3	समूह 'ग'	महिला
4	समूह 'घ'	महिला
5	समूह 'ङ'	सामान्य
6	समूह 'च'	सामान्य
7	समूह 'छ'	सामान्य
8	समूह 'ज'	सामान्य

निर्वाचन अधिकारी
इको एग्स कोऑपरेटिव लिमिटेड

इको एग्स कोऑपरेटिव लिमिटेड
पंजीकरण संख्या: MDCACH0570200A0 सबला नं० 1100, प्रगति विहार, सेंट्रल होप टावर, डेलाबुर्ड, देहरादून।
निर्वाचन सूचना
भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय के सहकारी चुनाव प्राधिकरण न्यू दिल्ली के पत्र CEA-12011/323/2025 द्वारा मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट 2002 के अंतर्गत **इको एग्स कोऑपरेटिव लिमिटेड** के निर्वाचन कार्यक्रम घोषित हुआ है।
निर्वाचन कार्यक्रम

क्रियाकलाप का विषय विवरण	तिथि
अस्थायी मतदाता सूची का प्रकाशन	14th जुलाई, 2025
आपत्तियाँ आमन्त्रित करने की अंतिम तिथि	15th to 21st जुलाई, 2025
आपत्तियों की जांच (यदि कोई हो)	22nd to 26th जुलाई, 2025
अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन	28th जुलाई, 2025
नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि	29th जुलाई to 4th अगस्त, 2025
प्राप्त नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन	5th अगस्त, 2025
नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी)	6th अगस्त, 2025
वैध नामांकनों की सूची का प्रकाशन	6th अगस्त, 2025
नामांकन वापसी की अंतिम तिथि	7th अगस्त, 2025
चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन	7th अगस्त, 2025
मतदान (यदि आवश्यक हुआ तो)	19th अगस्त, 2025
मतगणना	19th अगस्त, 2025
बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के साथ परिणाम घोषित करने से पहले सीईए की मंजूरी लेने के लिए फॉर्म 19 की सिफारिश जमा करना	19th अगस्त, 2025
निदेशक मंडल के चुनाव परिणाम की घोषणा	26th अगस्त, 2025
बोर्ड सदस्यों के चुनाव परिणाम की घोषणा के पश्चात चुनाव कार्यक्रम की घोषणा, जिसमें शामिल हैं • नामांकन दाखिल करने की अवधि • नामांकन की जांच • नामांकन वापसी की तिथि • प्रत्याशी सूची का प्रकाशन और चुनाव कार्यक्रम का विवरण	27th अगस्त, 2025
नवगठित बोर्ड की बैठक और वैध नामांकन की सूची का प्रकाशन, मतदान (यदि आवश्यक हो)	29th अगस्त, 2025
पदाधिकारियों के चुनाव परिणाम की घोषणा	(नई दिल्ली स्थित सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण की स्वीकृति के पश्चात्)। तिथि बाद में घोषित होगी।

निर्वाचन अधिकारी
इको एग्स कोऑपरेटिव लिमिटेड